## एक नजर

### अर्नब गोस्वामी को बॉम्बे हाईकोर्ट से मिली राहत

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने शुक्रवार को टेलीविजन रेटिंग पॉइंट (टीआरपी) से छेड़छाड़ करने के मामले में पत्रकार अर्नब गोस्वामी और रिपब्लिक टीवी चैनल का संचालन करने वाली एआरजी आउटलायर मीडिया के अन्य कर्मचारियों को दंडात्मक कार्रवाई से अंतरिम सुरक्षा पांच मार्च तक बढ़ा दी। बता दें कि ब्रॉडकास्ट ऑडियंस रीसर्च काउंसिल (बार्क) ने टीआरपी के हेरफेर से जुड़ी एक शिकायत दर्ज कराई थी। इसमें आरोप लगाया गया था कि विज्ञापनदाताओं से ज्यादा राजस्व जुटाने के लिए कुछ टीवी चैनलों ने टीआरपी नंबर के साथ छेड़छाड़ किया।

### 622 जिलों में पिछले 7 दिन से कोई जान नहीं गई

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** देश में कोरोना के नए केस और मौत में तेजी से गिरावट जारी है। अच्छी खबर ये है कि देश के 741 जिलों में से 622 जिले ऐसे हैं जहां, पिछले 7 दिन से संक्रमण से होने वाली कोई मौत दर्ज नहीं की गई है। इन 7 दिनों में होने वाली सबसे ज्यादा मौतें महाराष्ट्र, केरल और कर्नाटक के 10 जिलों से दर्ज हुई हैं। आंकड़ों पर नजर डालें तो इन्हीं 10 जिलों में पिछले हफ्ते भर में 80% लोगों ने जान गंवाई है। हालांकि, यहां भी पिछले दिनों हर दिन होने वाली मौतों के मुकाबले 90% गिरावट दर्ज की गई है। मतलब पहले इन्हीं 10 जिलों में हर दिन 10 से 25 लोग जान गंवाते थे, अब यहां 1-5 मौतें हो रहीं हैं। आंकड़ों के अनुसार, पिछले 7 दिनों के अंदर देशभर में कोरोना से 527 लोगों की मौत हुई है। इनमें करीब 425 मौतें महाराष्ट्र, केरल और कर्नाटक में हुई हैं।

### असम में 5 रु सस्ता हुआ डीजल-पेट्रोल

**गुवाहाटी ।** असम में विधानसभा चुनाव से पहले जनता को लुभाने के लिए कई तरीके अपनाए जा रहे हैं। इन दिनों ईंधन की कीमतें पूरे देश में लगातार बढ़ रही हैं। इस बीच, असम में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में पांच रुपये तक की कटौती की गई है। इसके अलावा राज्य में शराब पर लगने वाले शुल्क में 25 प्रतिशत तक की कमी की जाएगी। बता दें कि इस साल देश के चार राज्यों -असम, ;पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरल तथा एक केंद्र शासित प्रदेश (पुदुचेरी) में विधानसभा चुनाव होने हैं। जानकारी के अनुसार , भारतीय निर्वाचन आयोग इन राज्यों में चुनाव कार्यक्रम की घोषणा 15 फरवरी के बाद कभी भी कर सकता है।

### उत्तराखंड की घटना के बाद कश्मीर के लोगों में डर का माहौल

**कश्मीर, (एजेंसी)।** उत्तराखंड में आयी भीषण बाढ़ और ग्लेशियर के टूटने के बाद पहाड़ी इलाकों में लोगों के बीच डर बैठ गया है और अब मौसम में आये बदलाव से यह डर और ज्यादा बढ़ गया है। कश्मीर घाटी में पिछेल 48 घंटो में मौसम में बदलाव के कारण अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी हो गयी है जिस से बर्फ के पिघलने और हिमस्खलन का अलर्ट जारी हो गया है। प्रशासन की ओर से लोगो को भी सतर्क रहने को कहा गया है। एक हफ्ते पहले जहां श्रीनगर में हर तरफ बर्फ ही बर्फ थी वहीं कुछ दिनों के बीच ही यह बर्फ पिघल चुकी है।तापमान में हुई भारी बढ़ोतरी के कारण अधिकतम तापमान में चार-पांच डिग्री तक बढ़ोतरी हुई इस कारण समय से पहले ही गर्मी का एहसास होने लगा है। पिछले हफ्ते जहां तापमान माइनस 8 के आस पास था वहीं आज श्रीनगर में अधिकतम तापमान 14 के पार चला गया। कुपवाड़ा में तो पारा 18 तक जा पहुंचा है। इस कारण पहाड़ी इलाकों में हिमस्खलन का अलर्ट जारी किया गया है।

राहुल का राजस्थान दौरा, बोले

# 3 कृषि कानून से 40% लोग बेरोजगार हो जाएंगे

**हनुमानगढ़/श्रीगंगानगर(एजेंसी)।** किसानों के मुद्दे पर राहुल गांधी इन दिनों मुखर हैं। राजस्थान के दो दिन के दौरे पर पहुंचे राहुल ने शुक्रवार को पीलीबंगा में किसान महापंचायत की। मंच पर सोफे-कुर्सियों की जगह खाट लगवाई। जब भाषण शुरू किया तो उन्होंने कृषि कानूनों से जुड़ी ज्यादातर वही बातें कहीं, जो एक दिन पहले लोकसभा में कही थीं। कुछ नए आरोप भी लगाए। उन्होंने कहा कि अगर तीन कृषि कानून लागू हुए तो देश के 40% लोग बेरोजगार हो जाएंगे। 23 मिनट के भाषण में राहुल ने 7 बार किसानों के साथ-साथ मजदूरों, छोटे दुकानदारों का भी नाम लिया। 12 बार प्रधानमंत्री मोदी का जिक्र किया।

### कृषि पूरी दुनिया का सबसे बड़ा बिजनेस

राहुल ने काहकल मैंने पार्लियामेंट में किसानों के मुद्दे पर भाषण दिया था। नरेंद्र मोदी के लाए तीन कानूनों के लक्ष्य और इसके पीछे की सोच मैंने समझाई। आज भी मैं आपको इन तीन कानूनों के लक्ष्य और सोच के बारे में समझाना चाहता हूं। सच्चाई ये है कि कृषि सिर्फ हिंदुस्तान का ही नहीं, दुनिया का सबसे बड़ा बिजनेस है। आज इस बिजनेस को कोई एक व्यक्ति नहीं चलाता। हिंदुस्तान की 40% जनता इस बिजनेस की भागीदार है। करोड़ों लोग इस धंधे को हिंदुस्तान के लिए चलाते हैं। इनमें किसान, मजदूर, छोटे दुकानदार, व्यापारी, आढ़तिए शामिल हैं।



### कांग्रेस अमूल लेकर आई, यह लाखों किसानों की कंपनी है

कांग्रेस पार्टी की कोशिश रही है कि इस धंधे को किसी एक व्यक्ति के हाथ में न जाने दें। आजादी के दिन से आज तक ये हमारा लक्ष्य रहा है कि ये जो धंधा है, ये हिंदुस्तान के 40% लोगों का धंधा ही रहे। उदाहरण आपको दिखते हैं। अमूल कंपनी है। कांग्रेस पार्टी लाई थी। लाखों किसानों की कंपनी है। पूरे देश में दूध डिलीवर करती है।उन्होंने कहा अब बात करते हैं तीन कानूनों की। ये क्या हैं? ये आपको मीडिया में सुनाई नहीं देगा, क्योंकि जो लोग किसानों, मजदूरों, छोटे व्यापारियों से उनका धंधा छीनना चाहते हैं, मीडिया उन्हीं का है। पहला कानून कहता है कि कोई भी बड़ा बिजनेस देश में कहीं भी किसी भी किसान से अनलिमिटेड अनाज खरीद सकता है। अगर एक व्यक्ति पूरे देश का अनाज, सब्जी खरीदना चाहे तो खरीद सकता है।

# राहुल गांधी ने अमर्यादित भाषा का किया इस्तेमाल

## केंद्रीय मंत्रियों ने दिया करारा जवाब

नई दिल्ली, (एजेंसी)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर डिसइंगेजमेंट को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा, लेकिन प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान वह मर्यादा भूल गए और पीएम नरेंद्र मोदी को लेकर कई अपशब्द कहे। राहुल गांधी के बयान के बाद कई केंद्रीय मंत्रियों समेत बीजेपी के नेताओं ने जवाब दिया है।

राहुल गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा, प्रधानमंत्री एक कायर हैं, जो चीन के खिलाफ खड़े नहीं हो सकते। वे हमारी सेना के जवानों के बलिदान पर थूक रहे हैं। वे सेना के बलिदान को धोखा दे रहे हैं। भारत में किसी को भी ऐसा करने की इजाजत नहीं दी जानी चाहिए प्रधानमंत्री इस पर क्यों नहीं बोल रहे हैं। उन्होंने कहा, पैंगोग को लेकर हुई करार में जीत हमारी नहीं, बल्कि चीन की हुई है और हमारी सेना पीछे हटी है। पीएम मोदी ने चीन के सामने मत्था टेक दिया और देश का सिर झुका दिया।

### मुख्तार अब्बास नकवी का पलटवार-

भारत और चीन डिसइंगेजमेंट पर दिए गए राहुल गांधी के बयान पर केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने पलटवार किया और कहा कि कोई कोई सामान्य बुद्धि का व्यक्ति तो इस तरह के बेवकूफी भरे बयान दे नहीं सकता। उन्होंने कहा, कुंदबुद्धि पप्पू जी के कमाल का कोई रास्ता नहीं है। कहीं और से सुपारी लेकर देश को बदनाम करने के षड्यंत्र और सुरक्षा बलों के मनोबल को तोड़ने की साजिशों में लगे हैं तो उसका कोई इलाज नहीं है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

### 50 साल....

अगर राज्य खर्च उठाने से इंकार करते हैं कि बजट में घोषित राशि को बढ़ाया भी जा सकता है। हालांकि, हम मानकर चल रहे हैं कि राज्य सरकारें वैक्सीन के रखरखाव का खर्च उठाने को राजी हो जाएंगी।1 करोड़ हेल्थकेयर वर्कर्स और 2 करोड़ फ्रंटलाइन वर्कर्स को लगने वाली वैक्सीन पर कुल 1872.82 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इनमें 1392.82 करोड़ रुपए वैक्सीन की खरीद पर खर्च हुए हैं, जबकि 480 करोड़ रुपए ट्रांसपोर्टेशन और स्टोरेज पर खर्च हो रहे हैं। केंद्र सरकार ने ह्यकोवीशील्डह्ण की एक डोज 210 रुपए, जबकि ह्यकोवैक्सीनह्ण की 1 डोज 295 रुपए में खरीदी है।भारत में 70 लाख लोगों को टीके लग चुके हैं। अब सभी राज्यों में फ्रंटलाइन वर्कर्स को भी टीके लगने शुरू हो चुके हैं। सरकार देशभर में 2 करोड़ फ्रंटलाइन वर्कर्स मानकर चल रही हैं। हालांकि, अब तक 1 करोड़ फ्रंटलाइन वर्कर्स ने ही टीके के लिए रजिस्ट्रेशन कराया है।

### ड्रेगन की....

प्रधानमंत्री 100% डरपोक हैं। दिक्कत यही है कि हमारी आर्मी, एयरफोर्स और नेवी चीन से मुकाबले के लिए तैयार है, लेकिन प्रधानमंत्री तैयार नहीं हैं। राहुल ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह पर भी निशाना साधा। कहा कि वो सदन में कहते हैं कि दोनों देशों की सेना पीछे हट रही हैं। ये हमारी बड़ी कामयाबी है। लेकिन मैं इसे असफलता मानता हूं। घर हमारा है। वो (चीन) बिना इजाजत के हमारे घर में घुस आए और हमने उन्हें खदेड़ने की बजाय अपना लिविंग और बेडरूम पकड़ा दिया। ये हमारी कैसी सफलता है? हमने उनको अपना घर दे दिया। ये चीन की सफलता है।




कैलाश विजयवर्गीय का दावा

# ममता,ओवैसी से हाथ मिला लें तब भी बंगाल में बीजेपी ही जीतेगी

नई दिल्ली/कोलकाता, (एजेंसी) ।बिहार विधानसभा चुनाव के बाद अब पूरे देश की नजर पश्चिम बंगाल चुनाव पर है। बीजेपी यहां पूरी ताकत के साथ चुनाव लड़ रही है। सत्तारूढ़ टीएमसी भी बीजेपी के बढ़ते कद से टेंशन में आ गई है। पश्चिम बंगाल बीजेपी प्रभारी कैलाश विजयवर्गीय के नेतृत्व में बीजेपी ने यहां पर पैठ बढ़ाई है। पिछले दिनों बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृहमंत्री अमित शाह ने लगातार यहां पर रैलियां कर के बीजेपी कार्यकताओं की हत्या, जय श्री राम का नारा सहित तमाम मुद्दों को लेकर ममता सरकार को घेर रहे हैं।शुक्रवार को इंडिया टुडे कॉन्क्लेव में शामिल होने आए कैलाश विजयवर्गीय ने ममता बनर्जी सरकार रपर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि बंगाल की हिंसा की राजनीति अन्य राज्यों से पूरी तरह अलग है। मैं यहां हिंसा की राजनीति को पूरी तरह खत्म करने आया हूं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी अगर एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी से हाथ मिला लें तो भी बंगाल में हम ही जीतेंगे।



### टीएमसी से आने वाले नेताओं को लेकर भाजपा में कोई मतभेद नहीं

पश्चिम बंगाल के प्रभारी कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि बंगाल में 200 फीसदी बीजेपी की सरकार बनेगी। बंगाल का जंगलराज खत्म होगा। टीएमसी से लगातार बीजेपी में आ रहे नेताओं को लेकर विजयवर्गीय ने कहा कि पार्टी का विस्तार करने के लिए अच्छे लोगों को लेना जरूरी है। इसलिए हम बाहरी नेताओं को अपनी पार्टी में ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि बीजेपी के पुराने नेताओं में इस बात को लेकर कोई नाराजगी नहीं है।

# इसरो ने 2 निजी कंपनियों के सैटेलाइट टेस्ट कर रचा इतिहास

नई दिल्ली । भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने अपने 50 साल के इतिहास में पहली बार अपने सैटेलाइट सेंटर को निजी कंपनियों के लिए खोला है। भारतीय स्टार्ट अप्स के दो सैटेलाइट स्पेसकिड्ज इंडिया और पिक्सल का इसरो के यूआर राव सैटेलाइट केंद्र में परीक्षण हुआ। ऐसा तब हुआ है जब भारत ने पिछले साल जून में अपने अंतरिक्ष क्षेत्र को निजी कंपनियों को खोलने का एलान किया था। इसके लिए एक स्वतंत्र निकाय, भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन और प्राधिकरण केंद्र (इन-स्पेस) की स्थापना की गई थी। यह संस्था न केवल निजी क्षेत्र की अंतरिक्ष गतिविधि की देखरेख करेगी बल्कि इसरो की सुविधाओं को संभालने और साझा करने का भी काम करेगी।

राजस्व में वृद्धि 75% | इबीआईडीटीए में वृद्धि 78% | पीएटी में वृद्धि 111 % | पीबीटी में वृद्धि 108%

DP

**तिमाही के मुख्य बिंदु**

**डी. पी. आभूषण लिमिटेड**

CIN: एल74999एमपी2017पीएलसी043234
Regd. Office: 138, चांदनी चौक, रतलाम (म.प्र.)-457001, भारत
दूरभाष क्रमांक: +91-7412-490966, 408900, E-mail: csdpjewellers.com; Website: www.dpjewellers.com

**31 दिसंबर 2020 को समाप्त हुए तिमाही के लिए अनअंकेक्षित वित्तीय परिणाम**

(आंकड़े लाख में
(प्रति अंश आय को छोड़कर)

| | | मानक | | संकलित | |
|---|---|---|---|---|---|
| क्र. | विवरण | 31/12/2020 को समाप्त हुए तिमाही | 31/12/2019 को समाप्त हुए तिमाही | 31/12/2020 को समाप्त हुए तिमाही | 31/12/2019 को समाप्त हुए तिमाही |
| | | अनअंकेक्षित | अनअंकेक्षित | अनअंकेक्षित | अनअंकेक्षित |
| 1 | व्यापार से कुल आय | 41,429.48 | 23614.91 | 41,429.48 | 23614.91 |
| 2 | शुद्ध लाभ / (हानि), (कर, असाधारण और / या असाधारण वस्तुओं से पहले) | 1175.17 | 563.19 | 1175.17 | 563.19 |
| 3 | शुद्ध लाभ / (हानि), कर से पहले (असाधारण और / या असाधारण वस्तुओं के बाद) | 1175.17 | 563.19 | 1175.17 | 563.19 |
| 4 | शुद्ध लाभ / (हानि), कर के बाद (असाधारण और / या असाधारण वस्तुओं के बाद) | 872.36 | 414.39 | 872.36 | 414.39 |
| 5 | कुल व्यापक आय लाभ (हानि), (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद) | 872.36 | 414.39 | 872.36 | 414.39 |
| 6 | सामान्य अंश पूंजी | 2225.49 | 2225.49 | 2225.49 | 2225.49 |
| 7 | संचय (पिछले वर्ष की अंकेक्षित तलपट के अनुसार पुनर्मुल्यांकित संचय को छोड़कर) | – | – | – | – |
| 8 | प्रति अंश आय (जारी और बंद किए गए व्यापार के लिए) | | | | |
| | मूल: (समाप्त तिमाही के लिए, बिना वार्षिक किए) | 3.92 | 1.86 | 3.92 | 1.86 |
| | मिश्रित: (समाप्त तिमाही के लिए, बिना वार्षिक किए) | 3.92 | 1.86 | 3.92 | 1.86 |

1. उपरोक्त वित्तीय परिणाम सेबी (सूची निर्धारण दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियमन, 2015 के विनियमन 33 के तहत नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ़ इंडिया लिमिटेड के साथ दायर तिमाही वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक भाग है। तिमाही का पूर्ण वित्तीय परिणाम NSE की वेबसाइटwww.nseindia.com पर और कंपनी की वेबसाइट www.dpjewellers.com पर उपलब्ध हैं।
2. यह विवरण कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियम, 2015 (इंडस्ट्रीज़ एएस) जो की कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के तहत निर्धारित किया गया है, के अनुसार तैयार किये गए है और आम तौर पर स्वीकृत व्यवहार और नीतियों का पालन (जहाँ लागू हो) किया गया है।
3. उपरोक्त परिणामों की समीक्षा लेखा परीक्षा समिति द्वारा की गई है और 11 फरवरी 2021 को आयोजित उनकी संबंधित बैठक में निर्देशक मंडल द्वारा अनुमोदित की गई है।
4. पिछली वित्तीय अवधि के आंकड़ों को जहां आवश्यक समझा गया है, पुन: व्यवस्थित / पुनर्व्यवस्थित किया गया है।

**डी. पी. आभूषण लिमिटेड**
-एसडी -
संतोष कटारिया, निर्देशक
DIN - 02855068

दिनांक:11 फरवरी 2021
स्थान: रतलाम (म.प्र.)




स्वामी संसार पब्लिकेशन प्रा.लि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र संघवी द्वारा सफायर ट्वीन्स पी.यू.-3, स्कीम 54, 16/17 ए.बी. रोड, इंदौर से प्रकाशित एवं कुमार इंजीनियर्स ऑफसेट डिवीजन, सफायर ट्वीन्स पी.यू.-3, स्कीम 54, 16/17 ए.बी. रोड इंदौर से मुद्रित। फोन 0731 - 2575511-12। सम्पादक भरत दोशी, आर.एन.आई. पंजीयन क्रमांक 47622/88 (सभी विवादों का न्यायालय क्षेत्र इंदौर रहेगा)।